उत्तराखण्ड सरकार

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय उत्तरकाशी

गंगोत्री भवन, जिला कार्यालय परिसर

ई–मेल -dinfouki@gmail.com दूरभाष :– 01374–222213 / फैक्स–222213

## प्रेस नोट

धराली(उत्तरकाशी), 8 सितंबर 2025

### अंतर–मंत्रालय केंद्रीय टीम ने आपदा–प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

### केंद्रीय टीम ने आपदा के दौरान हुए नुकसान का लिया जायजा

### प्रभावितों के जानदृमाल को हुए नुकसान की समीक्षा कर सरकार को जल्द भेजेंगे रिपोर्ट

केंद्र सरकार द्वारा जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए गठित उच्च–स्तरीय अंतर–मंत्रालय केंद्रीय टीम (प्डब्ज्) ने सोमवार को जनपद के धराली–हर्षिल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थलीय निरीक्षण किया।
टीम के निरीक्षण का उद्वेश्य आपदा के कारण हुए नुकसान का विस्तृत आकलन करना और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करना रहा।
टीम के सदस्य आर्मी हेलीपेड हर्षिल पहुंचे जहां जिलाधिकारी प्रशांत आर्य एवं पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल द्वारा उनका स्वागत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा टीम को जनपद में आपदा के दौरान परिसंपत्तियों को हुए नुकसान तथा जन हानि से सम्बंधित आंकड़ों की विस्तृत जानकारी दी गई।

टीम द्वारा मुखवा, हर्षिल, धराली के आपदा प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से क्षति और पुननिर्माण कार्यों के आंकलन की जानकारी ली गयी।

टीम ने धराली आपदा में प्रभावित क्षेत्र में कार्यरत स्थानीय अधिकारियों और प्रभावित लोगों के साथ बातचीत कर स्थिति की समीक्षा की। स्थानीय लोगों ने टीम के समक्ष अपनी समस्याएं रखी तथा उनके निराकरण किए जाने का अनुरोध किया। आपदा प्रभावित लोगों ने उनके मकानों, होटलों, बगीचों ,फसलों और व्यवसायों सहित विभिन्न परिसंपत्तियों को हुए नुकसान की जानकारी दी तथा टीम से पुनर्वास, रोजगार, पुर्नस्थापन और परिस्थिति क्षतिपूर्ति जल्द उपलब्ध कराने की मांग की।
निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा बुनियादी ढाँचे की क्षति, सड़कों, पुलों, सार्वजनिक भवनों, बिजली एवं जल आपूर्ति लाइनों को हुए नुकसान के आकलन के साथ साथ कृषि, फसलों, पशुधन और स्थानीय आजीविका के अन्य साधनों को हुए नुकसान का जायज़ा लिया। टीम ने

निरीक्षण के दौरान आपदा के समय की गई भोजन, पेयजल, चिकित्सा सहायता और अस्थायी आश्रयों की उपलब्धता जैसे राहत बचाव कार्यों की जानकारी भी ली।
टीम लीडर आर. प्रसन्ना ने कहा कि आपदा प्रभावितों के जानदृमाल को हुए नुकसान की जानकारी स्थानीय प्रशासन के माध्यम से ली जा रही है। टीम प्रभावितों के मकान , आजीविका, जमीनों, फसलों आदि परिसंपत्तियों को हुए नुकसान से संबंधित रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी तथा उसके बाद राहत पैकेज की घोषणा की जाएगी।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि यह निरीक्षण आपदा प्रबंधन और प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। टीम अपनी सिफारिशों की विस्तृत रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगी, जिस पर सरकार द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। टीम का यह दौरा आपदा के बाद पुनर्निर्माण और जन जीवन बहाली सुनिश्चित करने तथा केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों का हिस्सा है।

टीम का नेतृत्व संयुक्त सचिव भारत सरकार आर. प्रसन्ना ने किया तथा टीम के अन्य सदस्य निदेशक वित्त शैलेश कुमार,मुख्य अभियंता पंकज सिंह, उपनिदेशक विकास सचान उपस्थित रहे।

इस दौरान जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल, एडीएम मुक्ता मिश्र, एसडीएम भटवाड़ी शालिनी नेगी,अधीक्षण अभियंता सिंचाई संजय राज ,मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल,सीएमओ बीएस रावत, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल मनोज गुसाईं सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।